Nai Dunia (Indore), 21st March 2024, Nai Dunia City, Page-IV

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय आइआइटी में संस्कृत संभाषण शिविर का शुभारंभ

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के संस्कृत शिक्षण अनौपचारिक केंद्र के तत्वावधान में 20 से 29 मार्च तक दस दिवसीय संस्कृत संभाषण वर्ग का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य नीलम मालवीय ने बच्चों को संस्कृत भाषा के महत्व के बारे में बताया। साथ ही कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पिंगलेश शास्त्री ने संस्कृत को मातृभाषा बताते हुए देववाणी संस्कृत भाषा के महत्व के बारे में चर्चा की। अंत में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अनौपचारिक शिक्षण वर्ग के संस्कृत शिक्षक अमरीश अधिकारी ने संस्कृत वर्ग गीत गाकर के विद्यार्थियों को आगामी 10 दिवसीय कार्य योजना के बारे में बताया। संचालन संस्कृत शिक्षक सुनीत पाठक ने किया तथा आभार दिनेश पटेल ने माना।



संस्कृत संभाषण शिविर के अवसर पर उपस्थित विद्वान। ●सौ. संस्थान